C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:15 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:30 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 229 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 7 मार्च 2026



अल्लू अर्जुन के भाई की शादी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अचानक राजभवन क्यों पहुंच गए सीएम नीतीश

नई दिल्ली। बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक राजभवन पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। उनसे बातचीत की। 13 मिनट बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन से निकल गए। बताया जा रहा है कि राजभवन से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान विदाई लेने जा रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार विदाई प्रोटोकॉल के तरह उनसे मिलने गए थे। राज्यपाल ने सीएम नीतीश कुमार को राज्यसभा से नई पारी की शुरुआत करने पर बधाई दी। सीएम नीतीश कुमार भी उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इधर, राजभवन से लौटते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा उम्मीवार उपेंद्र कुशवाहा सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने सीएम को शुभकामना दी। दोनों नेताओं के बीत बातचीत हुई। इसी बीच जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने निशांत कुमार से विधायकों की मीटिंग की बातचीत की जानकारी सीएम को दी।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गए। उनके हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते उसमें धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई। डिप्टी सीएम को सुबह करीब 11:30 बजे कौशाम्बी पहुंचना था, जहां पार्टी पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित थी। इसके अलावा उन्हें विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी करना था। वह ला-मार्टीनियर ग्राउंड से हेलीकॉप्टर से रवाना हुए थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर में धुआं फैलने लगा। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई।

# आज से पहाड़ों में बदलेगा मौसम, हल्की बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में शनिवार से मौसम बदलने के आसार हैं। हल्की बारिश और बर्फबारी से मैदानी इलाकों के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि मौसम बिगड़ने की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।



मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। खासकर 4000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना अधिक है। अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा जबकि 12 मार्च तक प्रदेशभर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम में होने वाले बदलाव से तापमान में गिरावट हो सकती है। वहीं शुक्रवार के मौसम की बात करें तो आसमान में बादल छाए रहने से चटक धूप ने परेशान नहीं किया लेकिन तापमान में कोई गिरावट दर्ज नहीं की गई। बीते बृहस्पतिवार की तरह ही शुक्रवार को भी दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ 30.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से पांच डिग्री इजाफे के साथ 16.1 डिग्री रहा।

जबकि पर्वतीय क्षेत्रों का भी हाल कुछ ऐसा ही रहा। मक्तेश्वर में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 18.9 और रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से छह डिग्री बढ़ोतरी के साथ 9.9 डिग्री दर्ज किया गया।

ऑपरेशन एपिक फ्यूरी तेज

# ईरान पर नहीं रूकेंगे हमले, अब तक 3000 ठिकानों पर कहर

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि ईरान के अंदर अब तक 3,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए हैं। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है। मिलिट्री कमांड ने पुष्टि की है कि पिछले एक हफ्ते में ईरान के अंदर हजारों ठिकानों पर हमले किए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कमांड ने इस मिशन की जानकारी दी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि ऑपरेशन के पहले हफ्ते में ही 3,000 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपनी कार्रवाई धीमी नहीं कर रहे हैं। इस सैन्य वृद्धि के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की। उन्होंने कहा कि ईरान के आत्मसमर्पण के बिना कोई समझौता नहीं होगा। ट्रंप ने जोर दिया कि



अमेरिका और उसके सहयोगी, खासकर इस्राइल, ईरान के नेतृत्व बदलने के बाद ही किसी समझौते पर विचार करेंगे। उन्होंने मेक ईरान ग्रेट अगेन का नारा भी दिया। ट्रंप ने कहा कि आत्मसमर्पण के बाद वे ईरान को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेंगे। ये घटनाक्रम 28 फरवरी को हुए अमेरिका-इस्राइल के संयुक्त सैन्य हमले के बाद आए हैं। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और अन्य वरिष्ठ नेता मारे गए थे। इसके जवाब में ईरान ने कई अरब देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इस्राइली संपत्तियों पर ड्रोन व मिसाइल हमले किए। इस्राइल ने भी तेहरान और लेबनान में हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखे हैं। खामेनेई की मौत के बाद, ट्रंप ने ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने की इच्छा जताई। उन्होंने वेनेजुएला के राजनीतिक घटनाक्रम में अपनी भागीदारी से इसकी तुलना की। ट्रंप ने दिवंगत सर्वोच्च नेता के बेटे मोजतबा खामेनेई के संभावित उत्तराधिकार की आलोचना की। उन्होंने मोजतबा को कमजोर और अस्वीकार्य बताया। ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में सद्भाव और शांति लाने वाले नेता को पसंद करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि खामेनेई की नीतियों को जारी रखने से अमेरिका के साथ फिर से संघर्ष हो सकता है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भव्य स्वागत

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और राज्य में उनका स्वागत किया।केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन को लेकर एयरपोर्ट पर विशेष तैयारियां की गई थीं। स्वागत के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।अपने उत्तराखण्ड दौरे के दौरान अमित शाह हरिद्वार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे राज्य सरकार द्वारा आयोजित विशेष प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे, जिसमें उत्तराखण्ड की विकास योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। अमित शाह के दौरे को राज्य के विकास और केंद्र-राज्य समन्वय की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने भी व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।देवभूमि में केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन से राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों में भी हलचल तेज हो गई है।



# फैसला: टी20 फाइनल के चलते दिल्ली से साबरमती के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

नई दिल्ली
एजेंसी

रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी20 फाइनल मैच के लिए रेलवे ने एक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह फैसला बढ़े हुए हवाई जहाज के टिकटों और उनकी अनुपलब्धता के कारण लिया गया है। इससे मैच देखने जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

यह विशेष ट्रेन नई दिल्ली से आज रात 11:45 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन दिल्ली कैंट, गुरुग्राम और जयपुर होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचेगी। ट्रेन कल दोपहर 2:30 बजे साबरमती स्टेशन पर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04062 है। इस ट्रेन में कुल 19 कोच शामिल हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए इसमें थर्ड एसी और सेकंड एसी के कोच उपलब्ध कराए गए हैं। यह विशेष सेवा उन हजारों प्रशंसकों के लिए है जो मैच देखने अहमदाबाद जाना चाहते हैं। रेलवे का यह कदम यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करेगा। विशेष ट्रेन नई दिल्ली से चलकर दिल्ली कैंट स्टेशन पर रुकेगी। इसके बाद यह गुरुग्राम और जयपुर से होते हुए आगे बढ़ेगी। ट्रेन आज रात 11:45 बजे नई दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू करेगी। यह कल दोपहर 02:30 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह यात्रा लगभग 14 घंटे 45 मिनट की होगी। ट्रेन संख्या 04062 में कुल 19 कोच लगाए गए हैं। इन कोचों में थर्ड एसी और सेकंड एसी की सुविधा उपलब्ध है। यह यात्रियों को आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी। रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह कदम उठाया है।

# नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में उत्तराखंड देश में पहले स्थान पर

देहरादून
हमारे संवाददाता

नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखंड ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) 2.0 के राष्ट्रीय कार्यान्वयन में राज्य ने यह उपलब्धि प्राप्त की है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के (सीसीटीएन/आईसीजेएस) प्रोग्रेस डैशबोर्ड के जनवरी 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड ने 93.46 अंक के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया है। हरियाणा 93.41 अंक के साथ दूसरे, असम 93.16 अंक के साथ तीसरे, सिक्किम 91.82 अंक के साथ चौथे और मध्य प्रदेश 90.55 अंक के




साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ( बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) इन कानूनों के क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा बैठकें कीं। आईसीजेएस 2.0 के तहत वन डेटा, वन एंट्री व्यवस्था लागू की गई है। इसके जरिए पुलिस ( सीसीटीएनएस), ई-कोर्ट, ई-जेल, ई-अभियोजन और ई-फॉरेंसिक के बीच डेटा सीधे साझा हो रहा है। इससे कागजी काम कम हुआ है और मामलों के निस्तारण में तेजी आई है। साथ ही 'ई-साक्ष्य' ऐप के जरिए अपराध स्थल की वीडियोग्राफी और डिजिटल साक्ष्य सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में नए कानूनों को लेकर 23 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा न्याय श्रुति के माध्यम से वर्चुअल सुनवाई और फॉरेंसिक मोबाइल वैन जैसी सुविधाओं को भी बढ़ावा दिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक सुनील कुमार मीणा ने इस रैंकिंग की पुष्टि करते हुए कहा कि राज्य ने तकनीकी व्यवस्था लागू करने के साथ रीयल-टाइम डेटा एंट्री में भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

# उत्तराखंड की निधि कर मानवीय पहल के लिए यूएन में सम्मानित

किच्छा/नैनीताल

हमारे संवाददाता

लंदन में रहने वाली भारतीय मूल की उद्यमी सुश्री निधि कर को स्वास्थ्य, सम्मान, स्वच्छता, जेंडर इक्विटी, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और कम्युनिटी डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए उनके निरंतर मानवीय कार्यों के लिए न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड नेशंस मुख्यालय में औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया।

सुश्री निधि मूल रूप से किच्छा, उत्तराखंड की निवासी हैं और मिस्टर विनोद फुटेला तथा मिसेज़ शैली फुटेला की बेटी हैं।

यह सम्मान यूनाइटेड नेशंस के प्रतिनिधि एम्बेसडर लुइस सुआरेज़ हर्नांडेज़ और यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल पीस काउंसिल की चेयरपर्सन डॉ. बरखा वर्शा की उपस्थिति में प्रदान किया गया। सर्टिफिकेट ऑफ़ एप्रिसिएशन में उनके उन निरंतर प्रयासों को सराहा गया जो यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स — विशेष रूप से एसडीजी 3 (अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण), एसडीजी 5 (जेंडर समानता), एसडीजी 6 (स्वच्छ जल और स्वच्छता), एसडीजी 10 (असमानता में कमी), और एसडीजी17 (लक्ष्यों के लिए साझेदारी) के साथ मेल खाते हैं।



निधि कर के लिए यह पल किसी अंतिम उपलब्धि का नहीं, बल्कि उत्तराखंड में पले-बढ़े दया, जिम्मेदारी और सामुदायिक मूल्यों से शुरू हुए एक सफ़र की निरंतरता का प्रतीक है।

निधि कर से जुड़ी सबसे प्रभावशाली मानवीय पहलों में से एक उनका अपने पति अरुण कर के साथ ओडिशा के नबरंगपुर में 46 आदिवासी लड़कियों के लिए लंबे समय से रुकी हुई सैनिटेशन पहल को सहयोग और वित्तीय समर्थन देना था। इस परियोजना के माध्यम से एक सुरक्षित और छत वाला बाथरूम बनाया गया, जिससे एक रेजिडेंशियल केयर संस्थान में प्राइवेसी, सुरक्षा, स्वच्छता और गरिमा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हुआ — जहाँ पहले ऐसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं थीं। इस पहल में ज़मीनी स्तर पर विस्तृत मूल्यांकन और जिला अधिकारियों तथा सामुदायिक सहयोगियों के साथ समन्वय शामिल था। इसमें डॉ. बिभूति भूषण पटनायक, स्वागतिका त्रिपाठी और सामाजिक कार्यकर्ता कान्हू राज बेंजामिन सिंह साधु की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भौतिक ढाँचे के अलावा, इस पहल ने लड़कियों में आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत किया और इस विश्वास को पुनर्स्थापित किया कि गरिमा की शुरुआत बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से होती है।

उत्तराखंड में अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ी निधि कर और उनके पति उधम सिंह नगर में कमजोर समुदायों की मदद करने वाली मानवीय पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। ग्लोबल हेल्थ पहल ङ्क यूनिसेफ पोलियो मिशन निधि कर का मानवीय जुड़ाव यूनिसेफ के पोलियो वैक्सीनेशन मिशन से जुड़े प्रयासों तक भी फैला हुआ है।

पोलियो उन्मूलन दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों में से एक है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और जागरूकता आवश्यक है। यह योगदान एसडीजी3 और एसडीजी 17 के अनुरूप है।

सांस्कृतिक कूटनीति ङ्क ग्लोबल साउथ मैरीटाइम हेरिटेज समिट निधि कर ने हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स (यूके संसद) में आयोजित ग्लोबल साउथ मैरीटाइम हेरिटेज समिट के माध्यम से सांस्कृतिक कूटनीति में भी योगदान दिया।

इस पहल में पार्थ सारथी पांडा, डॉ. बिभूति भूषण पटनायक, स्वेता मोहंती और टीम एक्सपर्टनेस्ट का सहयोग रहा।



# तदर्थ शिक्षकों के नियमितिकारण हेतु विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को भेजा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत 426 तदर्थ शिक्षकों के विनियमितिकरण की मांग को लेकर नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या के माध्यम से सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि विगत 100 साल से शिक्षक अपना कार्य ईमानदारी से करते आ रहे हैं। सरकार से आशा है कि वह इनकी जायज मांग का संज्ञान लेगी। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या ने पूर्ण आश्वासन् देते हुए उनके द्वारा मामले को लेकर मुखय मंत्री से वार्ता कर मामल का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर मंजू जोशी, रेवती रावत, आशा बिष्ट, उमा भाकुनी, गीतिका सनवाल,मीना बिष्ट, पुष्पा कार्की, मुक्ता चौधरी, प्रमिला बिष्ट समेत जनपद के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# वाद विवाद प्रतियोगिता में नकुल सहदेव व अर्णव त्रिपाठी ने मारी बाजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में शुक्रवार को छात्र -छात्रों द्वारा फि जिकल एजुकेशन विभाग द्वारा आयोजित बर्तमान शिक्षा प्रणाली युवा वर्ग के सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ के विकास में सहायक है विषय पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

बता दें प्रतियोगिता में दीपांशु पालीवाल, साकेत बिष्ट, कृष्ण चंद्र ,अर्णव त्रिपाठी, नकुल सहदेव ने पक्ष एवं विपक्ष में विचार प्रस्तुत किए । नकुल सहदेव एवं अर्णव त्रिपाठी विपक्ष एवं पक्ष में विजेता रहे जो शनिवार (आज) डीएसबी परिसर में होने वाली कुमाऊँ यूनिवर्सिटी की इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सममानित किया । निर्णायक मंडल में प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल तथा प्रो. ललित तिवारी रहे ।इस अवसर पर फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार समेत डॉ. नवीन पांडे, लता,विशाल एवं बसुधंरा उपस्थित रही।



## NEWS / फटाफट

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

नैनीताल । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 599वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 599वे दिन अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### बेस में रेडियोलॉजिस्ट अवकाश पर होने से भटके मरीज

अल्मोड़ा। मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर रहने से अल्ट्रासाउंड ठप रहे। इससे गर्भवतियों और अन्य मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा जबकि कुछ मरीजों ने पांच किमी दूर जिला अस्पताल पहुंचकर अल्ट्रासाउंड कराया। इससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को बेस अस्पताल में धौलादेवी, भैंसियाछाना, ताकुला, लमगड़ा, चौखुटिया समेत अन्य विकासखंडों के विभिन्न गांवों से काफी संख्या में मरीज अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचे थे। बेस अस्पताल के एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर रहने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो सके। इस कारण मरीजों को काफी दिक्कतें हुईं। कई मरीज बैरंग लौट गए तो कई ने निजी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, विद्युत की समस्याएं छाईं

अल्मोड़ा। क्षेत्र पंचायत लमगड़ा की शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, विद्युत की समस्याएं छाई रहीं। जनप्रतिनिधियों ने सड़क, पेयजल समेत अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। जिला पंचायत सदस्य सुनीता कुंजवाल ने तहसील में तहसीलदार और एसडीएम के बैठने के दिवस निश्चित करने, बांजधार स्वास्थ्य केंद्र में टेक्नीशियन नियुक्त करने, जैंती के लोनिवि गेस्ट हाउस को चालू कराने की मांग की।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# स्नोव्यू वार्ड में क्षतिग्रस्त सड़क की दीवार नहीं सुधरी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**मांग**

● सभासद ने आयुक्त से की कार्रवाई की मांग

बरसात के दौरान नगर के स्नोव्यू वार्ड स्थित आल्मा कॉटेज क्षेत्र में मुखय सड़क के साथ लगी दीवार क्षतिग्रस्त होने के बाद अब तक उसकी मरममत नहीं हो पाई है, इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड के पालिका सभासद जितेंद्र पांडे ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को पत्र भेजकर समस्या से अवगत कराया और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क क्षतिग्रस्त होने से आम जनता के आने.जाने में दिक्कतें बढ़ गई हैं। विशेष रूप से स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभासद के अनुसार सड़क के साथ लगी दीवार ढह जाने से आसपास के मकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग को पहले भी कई बार लिखित रूप में अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जितेंद्र पांडे ने आयुक्त से जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र निर्देश जारी करने और सड़क के पुनर्निर्माण या मरममत का कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है ताकि स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

# प्रगतिशील भोजन माता संगठन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

प्रगतिशील भोजन माता संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मल्लीताल स्थित बी.एम. साह पार्क में प्रदर्शन करते हुए समान कार्य का सामान वेतन देने की मांग की।

बता दें कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व में भोजन माताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है,उनका कहना है कि जब उनसे कार्य पूरा समय कार्य कराया जाता है तो उस कार्य का उन्हें समान वेतन क्यों नहीं दिया जाता?, प्रगतिशील भोजन माता संगठन की महामंत्री रजनी ने कहा कि 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पूर्व में हम लोग कार्यक्रम कर रहे हैं और हमारा कहना है कि हमारी पूर्वज माताएं थी उन्होंने तमाम महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा स्थाई नौकरी तथा न्यूनतम वेतन के लिए तमाम संघर्ष किया, कई कुर्बानियां दी जिसकी बदौलत आज हिंदुस्तान में महिलाएं नौकरियां कर रही हैं फिर वह किसी भी क्षेत्र में हो वही दूसरी ओर हमारी भोजनमाताओं को मात्र 3 हजार रुपये देकर स्कूलों ने उन्हें बधुवा मजदूर बनाया जा रहा है।



उन्होंने आरोप लगाया कि खुर्पाताल क्षेत्र स्थित एक स्कूल में एक अध्यापिका द्वारा भोजनमाता को परेशान किया जा रहा है। उनका कहना है कि वह भोजन में खुद पत्थर तथा बाल आदि डालकर बच्चों को भी भड़का रही है जिससे बच्चे भी भोजन माता के खिलाफ खड़े हो गए हैं। इस दौरान बलाक अध्यक्ष तुलसी देवी, अनीता देवी, पुष्पा जलाल, सीमा देवी, सुशीला, चंपा देवी, लता, शबीना, संतोष,जानकी देवी, हेमा, भगवती देवी, नंदी बिष्ट, पूजा देवी, दीपा देवी, शकीना, दीपा नेगी, नंदी बिष्ट, सरस्वती देवी, कमला पंत, हेमा डालकोटी तथा निरमा देवी आदि मौजूद रही।

# अभिमत

## उर्वरक का दुरुपयोग

*कृषि विज्ञान के क्षेत्र में नये आविष्कार से खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि हुई और भुखमरी की समस्या का निदान हुआ है, लेकिन अधिक उपज के लिए उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से स्वास्थ्य के साथ ही मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति और पर्यावरण के लिए चिंता उत्पन्न हो गई है। विशेषज्ञों ने कृषि, तकनीक, रोजगारपरक शिक्षा, उद्यमशीलता और स्वास्थ्य पर समग्र रूप से विचार किया है। रासायनिक उर्वरक के इस्तेमाल से पैदावार बढ़ी, परन्तु किसानों ने फसल चक्र की अनदेखी करके बेमौसम में नई-नई प्रजाति के बीज बोने शुरू कर दिये और रासायनिक उर्वरक हानिकारक साबित हो रहे हैं।*

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में कृषि, उद्योग और रोजगार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में नये आविष्कार से खाद्यान्न के उत्पादन में वृद्धि हुई और भुखमरी की समस्या का निदान हुआ है, लेकिन अधिक उपज के लिए उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से स्वास्थ्य के साथ ही मिट्टी की घटती उर्वरा शक्ति और पर्यावरण के लिए चिंता उत्पन्न हो गई है। विशेषज्ञों ने कृषि, तकनीक, रोजगारपरक शिक्षा, उद्यमशीलता और स्वास्थ्य पर समग्र रूप से विचार किया है। रासायनिक उर्वरक के इस्तेमाल से पैदावार बढी, परन्तु किसानों ने फसल चक्र की अनदेखी करके बेमौसम में नई-नई प्रजाति के बीज बोने शुरू कर दिये और रासायनिक उर्वरक हानिकारक साबित हो रहे हैं। उत्तराखंड के तराई में सबसे अधिक विवादित बेमौसमी धान की फसल है। साठ के दशक में भारत खाद्यान्न के विषम संकट से गुजर रहा था। विदेश से अन्न आयात करना पड़ रहा था। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के वैज्ञानिकों ने अधिक उपज देने वाली प्रजाति के बीज विकसित किये। परम्परागत खाद की जगह रासायनिक उर्वरक का कृषि में उपयोग किया गया। कुछ वर्षों में ही देश खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर होने के साथ ही निर्यात करने की स्थिति में आ गया। देश के सभी राज्यों की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप अनाज, फल, सब्जी का उत्पादन किया जाता है। रबी और खरीफ की फसलों का मौसम निर्धारित है। तराई क्षेत्र में रबी की फसल की कटाई होली के बाद हो जाती है। ग्रीष्मकाल में भूमि को खाली छोड़ दिया जाना चाहिए और बरसात में धान तथा अन्य खरीफ की फसल बोयी जानी चाहिए, लेकिन किसानों ने गेहूं की फसल काटने के बाद मई और जून की गर्मी में बेमौसमी धान की फसल उर्वरक का अंधाधुंध इस्तेमाल करके बोनी शुरू कर दी। जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति का ह्रास हो रहा है। उर्वरक के इस्तेमाल से जबरदस्ती पैदा किया जाने वाला धान स्वास्थ्य के लिए लाभदायक नहीं है। इसी तरह बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन की भरमार हो गई है। अनाज, सब्जी और फल की उपज का मौसम निधारित होने के साथ ही इनके खाने का मौसम भी निर्धारित है। प्रकृति के विपरीत कोई भी कार्य हानिकारक होता है। वर्तमान में अधिकतर बीमारियों का कारण खान-पान के प्रति लापरवाही, रसायनयुक्त फास्टफूड है। अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव हो रहा है। तकनीक के दुरुपयोग से रोजगार और उद्यमशीलता प्रभावित हो रही है।

# नैनी महिला जागृति संस्था का होली मिलन समारोह

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व धार्मिक संस्था नैनी महिला जागृति संस्था की ओर से शुक्रवार को श्री मां नयना देवी मंदिर धर्मशाला में होली मिलन समारोह का विशेष आयोजन किया गया। समारोह में 10 विभिन्न महिला होली टीमों ने प्रतिभाग किया। समारोह में तीन महिलाओं विशेष रुप से सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व समारोह की मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या ने दीप जलाकर विधिवत रुप से समारोह का शुभारंभ किया। समारोह का संचालन कर रही संचालक चंचला बिष्ट ने बताया कि समारोह में 10 महिला होल्यारों की टीम ने प्रतिभाग किया जिसमें महिलाओं ने विभिन्न होली गीतों के साथ ही लोक संस्कृति पर आधारित गीत प्रस्तुत किए। महिलाओं ने आओ गजराज खेले होली माया की---, होली खेले आज---, होली खेल रहे नन्द लाल---, अवध पूरी होली खेलने आए आदि होली गायन के साथ ही जमकर ठुमके लगाए । इसके साथ ही स्वांग के लिए संस्था की ओर से बिमला तिवारी व मंजू डालाकोटी और नृत्य के लिए आरती कोहली को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला ने मुखय अतिथि समेत आमंत्रित होली टीमों तथा आंगतुकों का संस्था परिवार की ओर से स्वागत किया। इस दौरान बिनीता पांडे, आभा साह, सुमन साह, कुसुमलता सनवाल, भावना रावत आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मां नयना देवी मंदिर के दशावतार प्रांगण में टीके की होली का आयोजन किया गया जिसमें होली के विभिन्न रागों में गायन किया गया। बीते गुरुवार को शाम मंदिर परिसर आयोजित टीके होली में श्याम कल्याण नंद गांव बरसाने गई..., तोरे कान्हा ने लूट लइ...., झिंझोटी ऊंचे भवन पर बस रही-..., अंत तेरा नहीं पायो है अंबे..., मां राग काफ ी शिव शंकर को ध्यान..., ध्यान करो रे मन...,जंगला काफ ी खेलन के हित भरी ऐसी होली खेले जनाब अली... भैरवी होमू बारक मंजरी फूलों मांगे वो तो चंदा ऐसों हटीलो... तथा हटीलो मेरो बाले गोविंदा आदि होली का गायन किया गया। इस दौरान राजीव लोचन साह ,जहूर आलम, सतीश पांडे, अजय कुमार, रक्षित साह, नवीन बेगाना तथा अमन महाजन आदि मौजूद रहे।

## महानगरों को लौटने का सिलसिला जारी, स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ी

**अल्मोड़ा।** होली पर्व के बाद लोगों के लौटने का सिलसिला बढ़ गया है। स्टेशन पर यात्री बसों का इंतजार करते नजर आए। वहीं दिल्ली रूट पर यात्रियों की भीड़ होने से परिवहन निगम ने एक अतिरिक्त बस का संचालन किया इससे यात्रियों को राहत मिली।

होली के टीके के बाद नौकरी पेशा लोगों और विद्यार्थियों के गंतव्य को लौटने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार की सुबह से ही यात्रियों के स्टेशन पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दिल्ली, कानपुर, जयपुर, वाराणसी, चंडीगढ़, गुरुग्राम समेत अन्य शहरों को काफी संख्या में यात्री रवाना हुए। दिल्ली को जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने पर बसें कम पड़ गईं। इस कारण उत्तराखंड परिवहन निगम ने दिल्ली रूट पर शाम के समय एक अतिरिक्त बस का संचालन किया। इससे यात्रियों को राहत मिली। वहीं ग्रामीण रूटों पर आवाजाही बढ़ गई।

## आठ मार्च को दरबार साहिब के चारों ओर रहेगा जीरो जोन

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



श्री झंडे जी मेले के लिए पुलिस ने रूट डायवर्ट कर दिया है। आठ मार्च को श्री झंडे जी का आरोहण होगा। ऐसे में श्री दरबार साहिब के चारों ओर जीरो जोन रहेगा। किसी भी प्रकार का वाहन आठ मार्च को श्री दरबार साहिब की ओर नहीं जा सकेगा।

आठ मार्च को बिंदाल से तिलक रोड और तालाब की ओर चौपहिया और दुपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। सहारनपुर चौक से श्री दरबार साहिब की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएगा। पीपल मंडी चौक से हनुमान चौक, सहारनपुर चौक जाने वाले वाहनों को दर्शनी गेट होते हुए भेजा जाएगा। इसके अलावा कांवली रोड गुरुराम राय स्कूल की ओर से कोई भी वाहन श्री दरबार साहिब की ओर नहीं जाएगा। बैंड बाजार की ओर से दरबार साहिब की ओर भी कोई वाहन नहीं आएगा। इन वाहनों को तिलक रोड, मच्छी बाजार की ओर भेजा जाएगा। श्री झंडे जी के आरोहण के समय सहारनपुर चौक, गऊ घाट तिराहा, दर्शनी गेट, पीपल मंडी चौक, तालाब के चारों ओर, भंडारी चौक और गुरुद्वारे की ओर आने वाले सभी मार्गों पर बैरियर लगाए जाएंगे। यहां से सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके अलावा यातायात का दबाव ब?ने पर निरंजनपुर मंडी से सहारनपुर चौक की ओर और बल्लीवाला चौक से सहारनपुर चौक की ओर आने वाले यातायात को जरूरत के अनुसार डायवर्ट कर कमला पैलेस की ओर भेजा जाएगा। लालपुल से सहारनपुर चौक की ओर आने वाले यातायात को निरंजनपुर मंडी की ओर भेजा जाएगा। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने शुक्रवार को श्री झंडे मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। एसपी सिटी ने मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के माध्यम से आने जाने वाले व्यक्तियों पर नजर रखने और संदिग्धों पर निगरानी के लिए सादे वस्त्रों में पुलिस बल नियुक्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मेला क्षेत्र में किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी की टीमों को नियुक्त करने के निर्देश दिए।

# फिल्मी दुनिया

## अल्लू अर्जुन के भाई की शादी में सितारों का जमावड़ा



*6 मार्च को अल्लू सिरीश ने नयनिका रेड्डी से शादी की। शादी में राम चरण, लोकेश कनगराज, चिरंजीवी, सूर्या और पवन कल्याण जैसे सितारे पहुंचे।*


*साउथ के मशहूर अभिनेता अल्लू अर्जुन के भाई अल्लू सिरीश की शादी काफी चर्चा में है। 6 मार्च को अल्लू सिरीश, नयनिका रेड्डी के साथ शादी के बंधन में बंध गए। शादी के मौके पर परिवार और करीबी लोग मौजूद रहे। दोनों की शादी में कई मशहूर हस्तियां भी पहुंचीं। अल्लू सिरीश और नयनिका रेड्डी की शादी घर पर हुई। शादी से पहले घर को अच्छी तरह से सजाया गया। इसका वीडियो वायरल है। भाई की शादी में अल्लू अर्जुन अपनी पत्नी स्नेहा रेड्डी के साथ नजर आए। ये पल काफी खास था। दोनों एक दूसरे के साथ बातचीत करते दिखे। अल्लू सिरीश-नयनिका रेड्डी की शादी में साउथ के दिग्गज कलाकार चिरंजीवी पहुंचे हैं। वह अल्लू सिरीश के रिश्तेदार भी हैं। इस मौके पर वह कुर्ते में नजर आए। मशहूर अभिनेता रामचरण अपनी पत्नी उपासना कोनिडेला के साथ अल्लू सिरीश-नयनिका रेड्डी की शादी में पहुंचे। उनके साथ उनके परिवार के लोग भी नजर आए।*

### सीएम रेवंत रेड्डी भी पहुंचे

*अल्लू अर्जुन के भाई की शादी में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी पहुंचे। उन्होंने अल्लू सिरीश-नयनिका रेड्डी को आशीर्वाद दिया। अल्लू सिरीश-नयनिका रेड्डी की शादी में अभिनेता और डिप्टी चीफ मिनिस्टर पवन कल्याण पहुंचे। मशहूर फिल्ममेकर लोकेश कनगराज भी अल्लू सिरीश-नयनिका रेड्डी की शादी में पुहंचे। उन्होंने नए जोड़े के साथ पोज दिए।*

## 460 करोड़ की ड्रेनेज योजना को मिली मंजूरी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता




रुद्रपुर में वर्षों से मानसून के दौरान जलभराव की मार झेल रहे रुद्रपुर को राहत मिलने वाली है। शासन ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम के कायाकल्प के लिए तैयार की गई 460 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इस योजना के धरातल पर उतरने की शुरुआत के रूप में 111 करोड़ रुपये की पहली किश्त जल्द ही जारी होने जा रही है। शासन के सचिव युगल किशोर पंत से दूरभाष पर हुई विस्तृत वार्ता के बाद इस बड़ी उपलब्धि की पृष्ठभूमि साझा करते हुए मेयर विकास शर्मा ने बताया कि कार्यभार संभालने से पहले ड्रेनेज सिस्टम के लिए 300 करोड़ का एक पुराना प्रोजेक्ट फाइलों में दबा हुआ था। शहर की पीड़ा को समझते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से व्यक्तिगत स्तर पर कई मुलाकातें की और समस्या की गंभीरता से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने शहर का व्यापक सर्वे किया और स्थानीय पार्षदों के सुझावों को शामिल करते हुए एक व्यावहारिक और प्रभावी नया प्रस्ताव तैयार किया गया। गहन मंथन के बाद तैयार इस 460 करोड़ के मास्टर प्लान में पूरे शहर को चार अलग-अलग जोनों में बांटा गया है। योजना के प्रथम चरण के तहत जोन-1 (वार्ड संख्या 1 फुलसूंगा और वार्ड संख्या 16 बगवाड़ा क्षेत्र) के लिए 111 करोड़ रुपये की राशि जल्द जारी होने जा रही है। जिससे निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। पहले चरण की प्रगति के आधार पर आगामी चरणों के लिए शेष बजट जारी किया जाएगा। मेयर ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना रुद्रपुर के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# व्यवस्था पर फोकसः पर्यटन सीजन को लेकर पुलिस ने शुरू की तैयारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में होली के बाद आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बढ़ती पर्यटकों की संखया को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए कई स्तरों पर योजना बनाई जा रही है।

मामले में एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान शहर में यातायात का दबाव काफ ी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रैकी की जा रही है ताकि अतिरिक्त और छोटे छोटे पार्किंग स्थलों की पहचान की जा सके। इससे शहर के मुखय मार्गों पर वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बार पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ट्रैफिक डायवर्जन रूटों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस का प्रयास रहेगा कि शहर में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके अलावा शहर में शटल सेवा संचालित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। शटल सेवा शुरू होने से पर्यटकों को पार्किंग स्थल से शहर के प्रमुख स्थानों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी और वाहनों की संखया भी कम होगी। एसपी ने बताया कि पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले होटल व्यवसायियों, टैक्सी यूनियनों तथा व्यापार मंडल और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक भी की जाएगी। बैठक में सभी की राय लेकर यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी।





### नैनीताल और कैंची धाम में पर्यटन सीजन को लेकर पुलिस सतर्क

एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र ने बताया कि इस बार विशेष रूप से कैंची धाम और नैनीताल शहर पर फ ोकस किया जाएगा। दोनों स्थानों पर सीजन के दौरान बड़ी संखया में पर्यटक पहुंचते हैं जिससे कई बार यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-छोटे पार्किंग स्थल विकसित कर वाहनों को मुख्य शहर से पहले ही रोकने की योजना बनाई जा रही है। एसपी ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान पुलिस की अतिरिक्त तैनाती भी की जाएगी। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ट्रैफि क पुलिस के जवानों को तैनात किया जाएगा।

## News कॉर्नर

### डीजल और पेट्रोल लेने के लिए पंपों पर वाहनों की लगी कतार

बाजपुर। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की कतार लग गई। लोग डीजल और पेट्रोल के लिए भ्रमित हो रहे हैं। ग्रामीणों में आशंका है कि आने वाले दिनों में डीजल और पेट्रोल की किल्लत हो सकती है। शुक्रवार को दोराहा, रामपुर रोड, बरहैनी, सुल्तानपुर पट्टी सहित अन्य क्षेत्रों में डीजल और पेट्रोल लेने के लिए वाहनों की पंपों पर कतार लग गई। किसान सहित अन्य लोग ड्रमों में डीजल लेने के लिए आ रहे है, जिससे पंपों में वाहनों की भी ? लगी है। शुक्रवार को पूर्ति निरीक्षक विपिन चंद ने टीम के साथ क्षेत्र के आठ पंपों का स्थलीय निरीक्षण किया। कहा कि पेट्रोल और डीजल को लोगों में भ्रम है। जबकि तेल की किल्लत नहीं है। पंपों पर डीजल और पेट्रोल पर्याप्त है। पूर्ति निरीक्षक ने चार राशन दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सस्ते गल्ले की दुकान खुली मिली।

# अब 21 से 25 दिन के बाद ही होगी गैस सिलिंडर की बुकिंग

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

गैस सिलिंडर को लेकर दो बड़े बदलाव हुए हैं। अब ग्राहक 21 से 25 दिन के बाद ही सिलिंडर बुक करा सकेंगे। साथ ही देश भर में 14.2 किलोग्राम के घरेलू खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की वृद्धि की गई है।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान युद्ध की आहट के बीच घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तेल कंपनियों ने सख्त कदम उठाए हैं। अलीगढ़ जिले में गैस सिलिंडर की बुकिंग के नियमों में ब ?ा बदलाव करते हुए समय सीमा ब ?ा दी गई है। नए नियमों के तहत अब उपभोक्ताओं को अगले सिलिंडर के लिए लंबा इंतजार करना होगा। जिला एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अनुसार, बुकिंग के नियमों को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सिंगल सिलिंडर कनेक्शन के लिए अब 21 दिन से पहले दोबारा बुकिंग नहीं कराई जा सकेगी। जबकि डबल सिलिंडर कनेक्शन के लिए अब 25 दिन के अंतराल के बाद ही बुकिंग संभव होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष केके तिवारी ने बताया कि पहले यह नियमन केवल 15 दिनों का था, जिसे अब ब ?ा दिया गया है। इस फैसले का सीधा असर जिले के लगभग 8.50 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। नियमों में अचानक हुए इस बदलाव के कारण शुक्रवार को गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की भारी भीड़ देखी गई।

इस फैसले के पीछे प्रशासन और तेल कंपनियों की कोशिश है कि युद्ध जैसी स्थितियों में स्टॉक की कमी न हो और कालाबाजारी पर लगाम कसी जा सके। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 7 मार्च से वृद्धि हो गई है। देश भर में 14.2 किलोग्राम के घरेलू खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की वृद्धि की गई है।

**घरेलू-वाणिज्यिक एलपीजी पर बढ़े दाम**



# प्रदेश अध्यक्ष लेखराज के हल्द्वानी आगमन पर भव्य स्वागत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

को नव नियुक्त उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष लेखराज गौतम के प्रथम बार हल्द्वानी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया, प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत समारोह सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है।

उसे उत्तराखंड के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के बिना पूरी नहीं कर सकता, उन्होंने कहा कि जल्द ही चंद्रशेखर आजाद को हल्द्वानी बुलाये जाने का कार्यक्रम बन रहा है, सभी वक्ताओं ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभा मे वारिस अंसारी, यासीन अंसारी, साहिल हुसैन, शारिक अंसारी सय्यद शावेज हसन, आकिफ अली, अफसर अंसारी आदि ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में लेखराज गौतम, सिराज अहमद, जीवन चंद्र आर्य, नफीस अहमद खान, विकास चौहान, नवीन मूलनिवासी, हरीश लोधी, अनवर अंसारी, सखावत हुसैन, सुंदरलाल बौद्ध, बालकिशन राम, महेश चंद्र आर्य, खीम चंद्र आर्य, इल्यास अंसारी, इरशाद, मोहम्मद वारिस, जीतराम, मदनराम, गिरीश चंद्र आर्य, कैलाश चंसर कमाल अहमद, फईम अहमद, प्रेमा देवी, इंद्रा देवी, असलम खान, हबीब सैफी, मोहम्मद रिजवान, आदि उपस्थित थे।



# मुक्तेश्वर में बेलगाम निर्माण पर कुमाऊं आयुक्त रावत गंभीर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे कुमाऊं आयुक्त एवं मुखयमंत्री के सचिव दीपक रावत ने क्षेत्र में तेजी से बन रही बहुमंजिला इमारतों और रिसॉर्ट्स को लेकर गंभीर चिंता जताई है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कुछ लोगों द्वारा समूह बनाकर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं और साथ ही होम स्टे योजना का लाभ भी लिया जा रहा है।

आयुक्त रावत ने प्रथम दृष्टया इन निर्माणों को भू-कानून का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि मुक्तेश्वर क्षेत्र में इस प्रकार की बड़ी इमारतों का निर्माण और योजनाओं का दुरुपयोग गंभीर मामला है तथा इससे भू-कानून की भावना प्रभावित हो रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में भू कानून का व्यापक दुरुपयोग होने की आशंका है।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त रावत ने जिलाधिकारी नैनीताल और जिला विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि क्षेत्र में बन रही ऐसी सभी इमारतों और रिसॉर्ट्स की विस्तृत जांच की जाए साथ ही पूरे मामले की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि जांच में नियमों के उल्लंघन या अनियोजित निर्माण की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में इस प्रकार के निर्माणों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि भू कानून का दुरुपयोग रोका जा सके।



### उपजिला अस्पताल चौखुटिया में स्वास्थ्य कर्मियों को तैनात करने की मांग

अल्मोड़ा। उपजिला अस्पताल चौखुटिया में मानकों के अनुसार स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती नहीं हो पाई है। शुक्रवार इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी अल्मोड़ा को ज्ञापन भेजा हैं। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि चौखुटिया में उपजिला अस्पताल पूरे क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। यहां चौखुटिया सहित मासी, स्याल्दे, भिकियासैंण, देघाट और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उपचार के लिए आते हैं।

# डीएम की बड़ी कार्यवाही, निजी व्यक्तियों से राजस्व अभिलेखों का काम कराने वाले दो रजिस्ट्रार का डिमोशन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल तहसील में राजस्व अभिलेखों का काम निजी व्यक्तियों से कराए जाने के मामले में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बड़ी कार्रवाई की है।

जांच में दोषी पाए जाने पर भूपेश चंद और अर्जुन बिष्ट कानूनगो का डिमोशन कर उन्हें पटवारी बना दिया गया है। एसडीएम कैंची धाम की जांच में दोषी पाए जाने के बाद जिलाधिकारी ने की कार्यवाही।



# महिला पर्यटक से दुष्कर्म के प्रयास पर आरोपी को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल घूमने आई दिल्ली की एक युवती के साथ टैक्सी चालक ने युवती को सुनसान जंगल की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की। किसी तरह युवती आरोपी के चंगुल से छूटकर नंगे पैर ही जंगल की ओर भाग गई और पूरी रात डर के साये में छिपकर बिताई। पीड़िता के अनुसार वह प्रकृति प्रेमी है और अक्सर शांत जगहों पर घूमने जाती है। इसी कारण वह नैनीताल घूमने आई थी। उसे उम्मीद थी कि पहाड़ों की शांति उसे सुकून देगी, लेकिन रास्ते में घटी घटना ने उसे अंदर तक डरा दिया। युवती ने बताया कि उसने गुरुवार को हल्द्वानी निवासी दीपक बोरा की टैक्सी किराये पर ली थी। नैनीताल से करीब 12 किलोमीटर पहले आरोपी चालक ने कार को पटवाडांगर मार्ग की ओर जंगल की तरफ मोड़ दिया। विरोध करने पर उसने गाड़ी तेज भगा दी और करीब दो किलोमीटर आगे ले जाकर जबरदस्ती करने की कोशिश की। इस दौरान आरोपी ने युवती का मोबाइल फोन भी छीन लिया। युवती के अनुसार उस समय चालक नशे में था। विरोध के दौरान दोनों के बीच हाथापाई हुई। इसी बीच युवती किसी तरह टैक्सी से उतरकर नंगे पैर ही जंगल की ओर भाग निकली। आरोपी ने कुछ दूरी तक उसका पीछा भी किया, लेकिन युवती सड़क के नीचे बने कलवर्ट में छिप गई और पूरी रात बाहर नहीं निकली। उसने बताया कि उसे बिल्कुल भी अंदाज़ा नहीं था कि जिस टैक्सी ड्राइवर पर वह भरोसा कर रही थी, उसके इरादे गलत हैं। डर में वह अंधेरे जंगल में काफी दूर तक भागती रही, ताकि आरोपी की नजरों से दूर रह सके। सुबह उजाले के साथ उसने हिम्मत जुटाई और सड़क की ओर निकलकर मदद मांगी। बल्दियाखान में एक महिला को उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस ने युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी टैक्सी चालक दीपक सिंह बोरा पुत्र नंदन सिंह बोरा निवासी गुजरौड़ा फतेहपुर लामाचौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

